तापमान

अधिकतम 45 .3 डिग्री
न्यूनतम 22 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 23 मई 2026

12 सरकारी स्कूलों में होगा मेगा पीटीएम




12 टांगरी बांध अधूरा, सफाई लंबित, मानसून से बढ़ा ...



## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्रः जज की कोठी में मृत मिला कुक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की डीसी कॉलोनी में जज की कोठी में काम करने वाले 23 वर्षीय कुक हरीश भट्ट का शव संदिग्ध हालात में मिला। वह मूल रूप से नेपाल का निवासी था और सिरसा में परिवार के साथ रहता था। बुधवार रात काम के बाद वह कमरे में सोने गया था, लेकिन गुरुवार सुबह बाहर नहीं आया। कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया, पर जवाब नहीं मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा खोलने पर शव चारपाई पर मुंह के बल पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में मिर्गी का दौरा या हार्ट अटैक मौत की वजह मानी जा रही है। फोरेंसिक जांच करवाई गई है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौत का सही कारण रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

### महिला के फोन पर भेजी अश्लील वीडियो

**यमुनानगर।** बुड़िया थाना क्षेत्र में अज्ञात ने एक महिला के मोबाइल पर अश्लील फोटो व वीडियो भेज दी। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले 20 दिन से महिला के मोबाइल पर अश्लील फोटो व वीडियो भेज कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बूड़िया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसकी पत्नी के मोबाइल पर पिछले 20 दिन से अश्लील फोटो व वीडियो भेज कर उसकी पत्नी को परेशान कर रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### व्यापारी के घर पर गोली चलाने में मुख्य शूटर धरा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के लाडवा में व्यापारी के घर पर फायरिंग मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 15/16 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात हमलावरों ने मकान के गेट पर गोलीबारी की थी। जांच के बाद अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने मुख्य आरोपी अर्जुन पंडित (कोसीकला, मथुरा, यूपी) को काबू किया। इससे पहले पुलिस ने हथियार और बाइक उपलब्ध कराने के आरोप में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। आरोपी को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है और पूछताछ जारी है।

### कट्टे व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने मनाना मोड़ पर दीपक पुत्र कृष्ण निवासी सौंधापुर, पानीपत को देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि दीपक पर थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

फर्जी ई-रवाना की जांच कर केस दर्ज करने और वाहन जब्त करने के आदेश

# अवैध खनन पर सख्ती, क्रेशर संचालकों से 2 करोड़ जुर्माना वसूला

- उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोक के लिए अधिकारियों को लगातार चेकिंग के निर्देश दिए
- सरपंचों को अवैध खनन रोकने में प्रशासन का सहयोग करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में जिले में हो रहे अवैध खनन की रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त प्रीति ने जिले के सभी एसडीएम, खनन अधिकारी, आरटीओ व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन की गतिविधियों पर नजर रखने और निरंतर चेकिंग कर अवैध खनन पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अवैध खनन का खनिज लेने वाले क्रेशर संचालकों से दिसंबर 2025 से मई 2026 तक लगभग 2 करोड़ रुपये जुर्माना वसूल किया गया है। कहा कि जिला में अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति एवं वाहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फर्जी ई.रवाना की पूरी जांच की जाए और अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर अवश्य दर्ज कर वाहन को जब्त किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में पकड़े गए व्यक्ति व वाहन के सभी दस्तावेज अच्छी तरह चैक कर लें। ताकि सही दस्तावेज न होने पर उसके खिलाफ कार्यवाही करने में किसी प्रकार की परेशानी न हों। उपायुक्त प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्रों में निरीक्षण अवश्य करते रहें। मौके पर उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग को अपने से संबंधित नदी तल क्षेत्रों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम को निर्देश दिए कि सभी सरपंचों को निर्देश जारी करें कि अवैध खनन की रोकथाम हेतु वह प्रशासन की सहायता करें अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल,जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार व एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में खनन को रोकने के लिए आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त प्रीति। फोटोः हरिभूमि

# बुजुर्गों को लिफ्ट देकर लूटने के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

- पूछताछ में तीन लूट की वारदातों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में स्पेशल सेल पुलिस ने बुजुर्गों को बाइक पर लिफ्ट देकर लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव दसोरा निवासी सागर और रोहित के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों कड़कोली मोड़ के पास वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने तीन लूट की वारदातों का खुलासा किया।18 मई को आरोपियों ने गांव धर्मकोट निवासी बुजुर्ग सुंदरलाल को बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने बिठाकर रास्ते में मारपीट की और 4 हजार रुपये छीन लिए थे। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है और आगे पूछताछ जारी है।



**यमुनानगर।** स्पेशल सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक।

# सरपंच पद के दावेदार उम्मीदवार पर हमला, दोनों टांगें तोड़ी, चार पर केस

बुड्ढा खेड़ा गांव में सियासी रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बुड्ढा खेड़ा गांव में सियासी रंजिश में नए कार्यकारी सरपंच के चुनाव के दौरान खूनी संघर्ष में बदल गई। निलंबित सरपंच सहित चार लोगों ने सरपंच पद की दावेदार महिंद्रो देवी के पति पर उस समय हमला कर दिया, जब वह बाइक पर महिला पंच को बाइक पर वोट डलवाने ले जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपियों ने कार से पीड़ित की बाइक को रोक लिया और लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में लाभ सिंह के दोनों हाथ व टांगों में फ्रैक्चर आ गया जबकि बाइक पर पीछे बैठी महिला पंच को भी सड़क पर नीचे गिरा दिया। पुलिस ने निलंबित सरपंच गुरदीप सिंह व अन्य पर केस दर्ज किया है। गांव में कार्यकारी सरपंच का चुनाव कराने के लिए पंचायत सेक्रेटरी अमन कुमार आए थे। अंबेडकर भवन में सुबह 11 बजे कोरम पूरा करने के लिए वोटिंग हो रही थी उससे पहले ही हमला होने पर चुनाव को स्थगित कर दिया गया। दोबारा चुनाव 28 मई को दोपहर 2 बजे होगा। चुनाव के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। इस हमले के बाद पुलिस ने गुरदीप सिंह सहित अन्य पर स्वेच्छा से चोट पहुंचाने सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

उपभोक्ता अदालत ने ई स्कूटर संचालक को दी बड़ी राहत

# नई बैटरी लगाएं या 61 हजार रुपये लौटाएं

- शिकायत निपटान न करने पर 5500 रुपये मुआवजा व खर्च भी देना होगा
- 45 दिन में आदेश पालन नहीं हुआ तो पूरी राशि पर 9% ब्याज लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में उपभोक्ता आयोग ने ई-स्कूटर में लगातार खराबी और बैटरी समस्या को लेकर उपभोक्ता के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। गांव हरिपुर कांबोयान निवासी विपिन कुमार ने 4 मई 2022 को जगाधरी स्थित फ्यूचर ग्रीन ट्रेडर्स से 61 हजार रुपये में ई-स्कूटर खरीदा था। खरीद के कुछ समय बाद ही स्कूटर में बैटरी और चार्जिंग से जुड़ी गंभीर तकनीकी खराबियां आने लगीं, जिससे उपभोक्ता को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डीलर द्वारा कई बार बैटरी बदली गई, लेकिन नई बैटरी के बजाय पुरानी या इस्तेमाल की हुई बैटरियां लगा दी गईं, जिससे समस्या जस की तस बनी रही। बार-बार शिकायत करने और 21 अप्रैल 2023 को कानूनी नोटिस देने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया, जिसके बाद मामला जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में पहुंचा। सुनवाई के दौरान डीलर ने तर्क दिया कि उपभोक्ता ने समय पर अधिकृत सर्विस सेंटर से सर्विस नहीं कराई, जिससे वारंटी समाप्त हो गई, जबकि निर्माता कंपनी की ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। आयोग की अध्यक्ष पीठ ने रिकॉर्ड और दस्तावेजों के आधार पर डीलर की दलीलों को खारिज करते हुए माना कि शिकायत वारंटी अवधि के भीतर की गई थी और वाहन की खामियों की जिम्मेदारी कंपनी और डीलर दोनों की है।आयोग ने आदेश दिया कि स्कूटर में मुफ्त नई बैटरी लगाकर उसे ठीक हालत में उपभोक्ता को दिया जाए, अन्यथा 61 हजार रुपये की पूरी राशि लौटाई जाए। साथ ही 5500 रुपये मुआवजा और मुकदमेबाजी खर्च देने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश के पालन के लिए 45 दिन की समय सीमा तय की गई है, अन्यथा राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

वारदात सीसीटीवी में कैद, फुटेज के आधार पर जांच शुरू

# कार चोरी, 2 घंटे बाद ओवरस्पीड चालान का मैसेज आया

- पुलिस ने रूट ट्रेस कर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शहर के पॉश और व्यस्त माने जाने वाले ज्योति नगर इलाके में शुक्रवार अलसुबह करीब 4 बजे घर के बाहर खड़ी सफेद रंग की ब्रेजा कार चोरी कर ली। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। यह घटना आज सुबह करीब 4 बजे की है। ज्योति नगर में स्थित हॉस्पिटल के साथ लगते एक रिहायशी मकान के बाहर गुलाटी ट्रेडिंग कंपनी एवं उक्त मकान के मालिक मुकेश गुलाटी ने अपनी सफेद रंग की ब्रेजा कार रोजाना की तरह घर के बाहर खड़ी की हुई थी। सुबह करीब 4 बजे अज्ञात चोर कुछ ही मिनटों में कार चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो घर के बाहर से कार गायब मिली। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो पूरी वारदात कैमरे में कैद मिली। फुटेज में देखा जा सकता है कि चोर बेहद सुनियोजित तरीके से आए और बिना किसी डर के कार को लेकर फरार हो गए। मुकेश गुलाटी ने बताया कि कार चोरी की घटना के करीब 2 घंटे बाद पट्टी कल्याण के पास उनकी कार का ओवरस्पीड का चालान हुआ है, जिसका मैसेज उनके फोन पर आया। उक्त घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। निवासियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और रात के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज और कार मालिक के बयान के आधार पर आगामी जांच शुरू कर दी है।



**कुरुक्षेत्र।** वारदात को अंजाम देते चोर।

# नेशनल हाइवे पर भीषण हादसा, युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला नेशनल हाइवे-152 पर नग्गल क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कैंटर चालक की लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि कार की अगली सीट पर बैठी दिल्ली के प्रेम नगर की ज्योति (24) की मौत हो गई। चालक युवती शानू, सूरजभान व शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। शानू की बिगड़ती हालत को देखते हुए चंडीगढ़ जीएमसीएच-32 भेज दिया गया। नग्गल थाना पुलिस ने घायल कार चालक कैथल के हाबड़ी गांव वासी शुभम शर्मा की शिकायत पर कैंटर चालक उज्जैन के मोहम्मद समीर पर केस दर्ज किया है। शुभम शर्मा (30) ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र के न्यू बस अड्डा के पास स्थित लाइफ लाइन फार्मेसी में काम करता है। 20 मई को प्रदेशभर में मेडिकल स्टोरों की हड़ताल थी जिसके कारण फार्मेसी बंद थी। यहां के बलाना गांव में अपनी बहन मनु के घर जाना था। फार्मेसी का मालिक, दोस्त कुरुक्षेत्र के सेक्टर-4 के सूरजभान भी उसके साथ जाने के लिए तैयार हो गए। कुरुक्षेत्र में उनकी दुकान के पास ही रिलेक्स स्पा सेंटर है जहां अर्जुन नगर के शानू व दिल्ली के प्रेम नगर की ज्योति भी अंबाला जाने के लिए बैठ गई थी। 10 बजे चारों दोस्त कार में सवार होकर जा रहे थे कि हादसे का शिकार हो गए। घायल शुभम ने बताया कि कार वह खुद चल रहा था व ज्योति आगे बैठी हुई थी। रात 1 बजे उनकी कार नग्गल गांव को पार कर नेशनल हाईवे-152 पर स्थित न्यू रामदेव ढाबा के पास पहुंची तो कैंटर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# व्यासपुर में बदमाशों ने दो लोगों से लूटी नकदी

- पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर बदमाशों द्वारा दो लोगों से लूट के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव छलौर निवासी सतपाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 12 मई को दोपहर 12 बजे व्यासपुर पुरानी कचहरी के पास से जा रहा था। रास्ते में पुरानी कचहरी के पास खाली पड़े प्लाटो पर बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उसे डरा धमकाकर उससे 15 हजार रुपये लूट लिये। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उनके जाने के बाद उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर पत्नी की मौत और पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के कैल कलानौर हाइवे पर औरंगाबाद रेस्ट एरिया के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव सिजौली अकबरपुर निवासी मोहम्मद फियाज ने बताया कि वह वीरवार को शाम साढ़े छह बजे अपनी पत्नी 33 वर्षीय शबनम खातून के साथ बाइक पर जा रहा था। जब वह कैल कलानौर बाईपास हाईवे पर औरंगाबाद रेस्ट एरिया के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी पत्नी शबनम खातून को मृत घोषित कर दिया जबकि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

क्यूबा राजदूत का कुवि दौरा, शिक्षा व खेल सहयोग पर बनी सहमति

*छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और रिसर्च के नए अवसर मिलेंगे*

# क्यूबा संग साझेदारी से कुवि के विद्यार्थियों को मिलेंगे वैश्विक अवसर : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए क्यूबा गणराज्य के उच्चस्तरीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत शुक्रवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सान एगुइलेरा ने किया, जबकि उनके साथ उप-राजदूत ग्वाडालूपे डे रेग्ला फ्रोमेटा गोमेज भी मौजूद रहीं। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह दौरा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और क्यूबा के बीच इंजीनियरिंग, फार्मेसी तथा खेल क्षेत्रों में रणनीतिक एवं शैक्षणिक साझेदारी स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि क्यूबा के साथ यह सहयोग विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने, अनुसंधान करने और नई तकनीकों को समझने का अवसर प्रदान करेगी। शिक्षा का वैश्वीकरण समय की आवश्यकता है और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में दोनों पक्षों के बीच विस्तृत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिसके बाद सहयोगात्मक कार्यक्रमों को औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा। यह पहल न केवल कुवि की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी, बल्कि विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर नई संभावनाएं भी उपलब्ध कराएगी। क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सान एगुइलेरा ने कहा कि भारत और क्यूबा के बीच शिक्षा, अनुसंधान और खेल के क्षेत्र में यह सहयोग दोनों देशों के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में दोनों पक्षों ने भारत और क्यूबा के बीच दशकों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंधों तथा साझा मूल्यों को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई।



**कुरुक्षेत्र।** क्यूबा के राजदूत का स्वागत करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और क्यूबा के बीच इंजीनियरिंग, बायोटेक्नोलॉजी व खेल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों संस्थान नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे विषयों पर संयुक्त शोध करेंगे। फार्मेसी व बायोटेक्नोलॉजी में दवा अनुसंधान और जनस्वास्थ्य पर भी रिसर्च की योजना बनाई गई है।खेल क्षेत्र में संयुक्त प्रशिक्षण शिविर, अंतरराष्ट्रीय कोचिंग कार्यशालाएं और स्पोर्ट्स साइंस सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। क्यूबा प्रतिनिधिमंडल ने यूआईईटी और विश्वविद्यालय के खेल परिसर का भी दौरा किया।

# 25 मई से शुरू होगा नौतपा, बढ़ेगी भीषण गर्मी : डॉ. रामराज कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गर्मी ने चारों तरफ हाहाकार मचा रखी हैं और अभी 25 मई से नौतपा और अधिक गर्मी लाने वाला है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि नौतपा तब होता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। यह हर साल आता है और इस दौरान 9 दिनों तक सूर्य देव उग्र रूप में रहते हैं। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 25 मई को 15:37 बजे प्रवेश करेंगे. इसके बाद सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 8 जून को 13:33 बजे तक अर्थात 15 दिन रहेंगे। ऐसे में सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के प्रारंभ के नौ दिन तक नौतपा का प्रभाव रहेगा। 8 जून को ही सूर्य देव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जायेंगे और 15 जून को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। रोहिणी नक्षत्र में सूर्यदेव के प्रवेश से नौतपा भी प्रारंभ हो जाएंगे। नौतपा से आशय सूर्य का नौ दिनों तक अपने सर्वोच्च ताप में होना है यानि इस दौरान गर्मी अपने चरम पर होती है।



### बारिश का प्रभाव

डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि नौतपा में जितनी अधिक गर्मी पड़ती है, उतनी ही अच्छी वर्षा की संभावना मानी जाती है। लेकिन यदि इस दौरान बारिश हो जाए तो आगे चलकर वर्षा कम होने की आशंका रहती है। उन्होंने बताया कि रोहिणी नक्षत्र और ग्रह स्थितियों के अनुसार इस अवधि में सूर्य का प्रभाव अधिक रहता है। 25 मई से 2 जून तक नौतपा में तेज गर्मी और धूप का असर चरम पर रहेगा।

### नौतपा में क्या करें

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और सूर्य को जल अर्पित करें तथा आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें। अधिक पानी पिएं और घर में ओआरएस व नींबू पानी रखें। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें। हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें और सिर ढककर बाहर निकलें।

### खेती के लिए नौतपा जरूरी

नौतपा के नौ दिनों को गर्मी के सबसे भीषण दिनों में गिना जाता है। इसे नवताप के नाम से भी जाना जाता है। खेती के लिए नौतपा बहुत जरूरी माना जाता है। इसको लेकर एक कहावत भी है 'तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय' यानी नौतपा के इन दिनों में जितनी अधिक गर्मी पड़ेगी आने वाले मानसून में उतनी ही अच्छी बारिश होगी। नौतपा के दौरान पानी का अधिक सेवन करना चाहिए। इस दौरान नारियल पानी, दही और मौसमी फलों शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति पर हमलाकर लूटी आठ हजार की नकदी

**यमुनानगर।** गांव आमवाला निवासी रामगोपाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 24 अप्रैल को शाम छह बजे आमवाला रोड से जा रहा था। जब वह केहर सिंह राणा फार्म के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी उससे आठ हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज लूटकर फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आर्य समाज खेल बाजार वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**पानीपत।** आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खेल बाजार द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव एवं यज्ञशाला का भव्य उद्घाटन समारोह का आज सत्र का आरम्भ श्रेष्ठ कर्म चतुर्वेद शतक महायज्ञ से समाज के ब्रह्म आचार्य बृज किशोर शास्त्री ने कराया। समाज के प्रधान राजेश आहूजा ने कार्यकर्ता प्रधान बलराज एलावादी, मंत्री सुनील बत्रा, संरक्षक महेंद्र ढींगरा एवं वरिष्ठ उप प्रधान अशोक वर्मा को उनके द्वारा देखे यज्ञशाला के स्वप्न को पूर्ण होने कि बहुत बधाई दी व आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका बेला भाटिया, प्रांत प्रमुख गौ सेवा समिति हरियाणा महेंद्र कंसल, यश हुरिया, राकेश शर्मा, मुकेश, आदित्य डावर, राकेश भाटिया आदि मौजूद रहे।

### यूनियन ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन

**पानीपत।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने शहर में सरकार के खिलाफ विरोध निकलते हुए लघु सचिवालय के सामने पुल के नीचे हरियाणा सरकार का पुतला जलाया। जुलूस का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, जिला सहसचिव जय भगवान, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान सुलतान, जिला सचिव अशोक दुग्गल, कोषाध्यक्ष कंवरपाल आदि ने किया। यूनियन के नेताओं ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हड़ताल का आठवां दिन है। भाजपा और संघ परिवार जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने पर है जिसके चलते महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर है। अपनी घोषणा के अनुसार और हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार पक्के कर्मचारी के दरजा नहीं देगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### कॉकरोच जनता पार्टी के पंजीकरण के लिए आयोग को भेजा आवेदन

**पानीपत।** एडवोकेट सुधीर जाखड़ ने कॉकरोच जनता पार्टी के आधिकारिक पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सचिव को आवेदन पत्र भेजा गया है। वहीं, राष्ट्रीय संयोजक सुधीर जाखड़ के अनुसार, कॉकरोच जनता पार्टी एक जन-केंद्रित लोकतांत्रिक पहल है जो मुख्य रूप से भारत के संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को बढ़ावा देना, शासन व्यवस्था व सार्वजनिक प्राधिकरणों का सोशल ऑडिट करना कानूनी साक्षरता अभियान चलाना और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देना रहेगा।

---

गांव ताहरपुर कलां में लगाया जनता दरबार और रात्रि ठहराव

# अधिकारियों के समक्ष फरियाद लेकर पहुंचे ग्रामीण, समाधान का आश्वासन

गांव हैदरपुर निवसी सुरेश पाल व तारावती ने बुढ़ापा पेंशन, नूर अली, हसन अली, अली जान ने ट्यूबवेल कनेक्शन लगवाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। गांव ताहरपुर कलां में रात्री ठहराव के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को खंड छछरौली के ताहरपुर कलां में रात्रि ठहराव कार्यक्रम व जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिनमें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

समाधान शिविर रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव हैदरपुर निवसी सुरेश पाल व तारावती ने बुढ़ापा पेंशन लगवाने की फरियाद लगाई। इसके साथ ही नूर अली, हसन अली, अली जान गांव कांसली ने ट्यूबवेल कनेक्शन लगवाने बारे मांग रखी। सुरेश पाल निवासी ताहरपुर कलां ने फैमिली आईडी से नाम हटवाने बारे। अल्लाबंदा निवासी ताहरपुर कलां ने अपने घर में पीने के पानी की पाइपलाइन कनेक्शन देने बारे। रमजान हैदरपुर ने स्कूल व आंगनवाड़ी के पास गंदे पानी का तालाब हटवाने बारे। जमाल निवासी ताहरपुर कलां ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने बारे। मुरसलीन निवासी इब्राहिमपुर ने पुरानी बिजली के तारे व खंबे बदलने बारे व कच्चे रास्ते को पक्का करने बारे मांग की। इसी प्रकार शहनाज पत्नी मुस्ताक निवासी ताहरपुर कलां ने पीने के पानी का समाधान व पक्का मकान बनवाने हेतु मांग रखी। गुरदेव सिंह निवासी कोट सरकारी ने फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने बारे। मुस्ताक निवासी ताहरपुर कलां ने मोहम्मद के घर से उनके घर तक बिजली की लाइन पहुंचने बारे आदि मांग रखी। इस दौरान अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इसके साथ उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों की रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री जांचते है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों में विलंभ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, सीईओ जिला परिषद सुशील कुमार, डिप्टी सीईओ जिला परिषद जसविंदर सिंह, जीएम रोडवेज संजय रावल, डीईओ प्रेम लता, एक्सईएन जिला परिषद नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

---

# नपा कर्मचारियों ने रादौर में चलाया सफाई अभियान



रादौर। नपा द्वारा चलाए गए सफाई अभियान के तहत नालों की सफाई करते हुए नपा सफाई कर्मचारी।

- नगर पालिका रादौर ने मानसून से पहले की कस्बा के नाले और नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

नगरपालिका रादौर प्रशासन द्वारा मानसून से पहले कस्बा के नाले व नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत ठेकेदार के माध्यम से शहर में नाले व नालियों की तीन चरणों में सफाई का कार्य किया जाएगा।

नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि पहले चरण में मानसून से पहले नाले व नालियों की सफाई करवाई जा रही है। जिससे बरसात के दौरान बरसाती पानी की ठीक प्रकार निकासी हो सके। दूसरे चरण में बरसात के दौरान नाले व नालियों की सफाई का कार्य किया जायेगा। तीसरे चरण में मानसून की समाप्ति पर नाले व नालियों की सफाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि युद्ध स्तर पर नाले व नालियों की सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की कि वे शहर को साफ सुथरा रखने में अपना सहयोग करे। नगर पालिका सचिव सुरेंद्र मलिका ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नालियों नालोंए गलियों व सड़कों पर गंदगी न फैके। सड़क एंव गलियों में गंदगी होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी में मौसम में सर्वाजनिक स्थानों पर गंदगी फैलने के कारण लोगों को बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ उन्होंने शहरवासियों से साफ-सफाई की अपील भी की।

---

# बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो एसई कार्यालय का करेंगे घेराव : गुर्जर

- भाकियू नेता ने बिजली आपूर्ति सुचारू न होने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



रादौर। जानकारी देते भाकियू जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिजली के कट से ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ तो गर्मी की मार से किसान मजदूर पहले ही परेशान है। दूसरी ओर प्रदेश की झूठी सरकार में झूठे बिजली मंत्री अनिल विज ने अभी कुछ दिन पहले कहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात को कट नहीं लगेगा। उसकी यह बात भी झूठी साबित हुई है और पिछले एक सप्ताह से दिन-रात इतने कट लगे हुए हैं। आम जनमानस को इतनी गर्मी में व बिजली के न आने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में रात को बच्चे और बुजुर्ग सो नहीं सकते। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि यदि बिजली में सुधार नहीं हुआ, तो जून के पहले सप्ताह में यमुनानगर एसई कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के खेत की तारें लटकी हुई हैं, खंभे टेडे पड़े हैं और ट्रांसफार्मर पर स्विच नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धान के सीजन से पहले यदि किसानों के खेतों के बिजली के खंभे व खम्भों की तारों को ठीक नहीं किया गया तो अधिकारियों को बंधक बनाया जाएगा। मौके पर यादविंदर कांबोज, अरविंन कांबोज, महेंद्र चमरोड़ी, राजीव तेजली, अशोक डांगी, सतपाल सैनी पोटली, रोहित दामला, पवन खजूरी आदि रहे।

---

### अजय सैनी बने पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जिला प्रधान



**रादौर।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी के द्विवार्षिक चुनाव में अजय कुमार सैनी को सर्वसम्मति से जिला प्रधान चुन लिया गया। राज्य चेयरमैन सतपाल वर्मा एवं राज्य कोषाध्यक्ष बलराज राणा की अध्यक्षता में हुए चुनाव में जिसमें सर्वसम्मति से अजय कुमार सैनी को जिला प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं रवि कांबोज को चेयरमैन, कमल पांचाल को सचिव, नीरज कांबोज को कोषाध्यक्ष, गौरव कांबोज को उपप्रधान, श्याम सुंदर को कार्यालय सचिव, अमित गोयल को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को यूनियन ने सम्मानित किया।

---

# प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा व एआई पर दी विस्तृत जानकारी

- जनता स्कूल अलाहर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



रादौर। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में शुक्रवार को विशेष करियर काउंसलिंग एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विशेष रूप से कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल कौशल एवं तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार व करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान प्रतिष्ठित एवं प्रसिद्ध स्किल सेंटर के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं कौशल आधारित शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल लिटरेसी, बेसिक एवं एडवांस कंप्यूटर स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेब डिजाइनिंग, प्रोग्रामिंग, डेटा मैनेजमेंट व तकनीकी क्षेत्र में तेजी से बढ़ते करियर अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा केवल एक विषय नहीं, बल्कि सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी बन चुकी है और डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान विद्यार्थियों को नए अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया। कंप्यूटर एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि व क्षमता के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

---



### पक्षी दिवस पर स्वराज शिशु निकेतन में बच्चों को किया पक्षियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में शुक्रवार को पक्षी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पक्षियों के महत्व तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। मुख्य अध्यापिका रेणु शांडिल्य ने बताया कि पक्षी पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें उनके रहने के लिए पेड़ पौधे लगाने चाहिए। दाने व पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। जिस प्रकार हमें गर्मी लगती है, पक्षियों को भी गर्मी लगती है। हमें इन बेजुबान पशु पक्षियों को बचाना होगा। कार्यक्रम के दौरान पहली से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थी पक्षियों के लिए बहुत सुंदर-सुंदर घर बनाकर लाए। मौके पर सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृष्णा सदन की इंचार्ज पूजा, कल्पना व रजनी शर्मा आदि मौजूद थे।

---

# जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता व समयबद्ध तरीके से करें अधिकारी: कुमार

- एसडीएम ने की जनगणना सुपरवाइजरों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर




यमुनानगर। जनगणना सुपरवाइजरों की बैठक में संबोधित करते हुए एसडीएम।

जनगणना कार्य को लेकर राजकीय माडल संस्कृतिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में जनगणना सुपरवाइजरों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार ने की।

एसडीएम नरेन्द्र कुमार ने सभी जनगणना सुपरवाइजरों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना का कार्य पूरी जिम्मेदारीए पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसके आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक जानकारी को सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाए। आमजन को भी जनगणना के प्रति जागरूक करें। ताकि सभी नागरिक सही जानकारी उपलब्ध करवाने में सहयोग करें।

---



### मानवता की भलाई के लिए वर्ष 1984 से कार्य कर रही रोटरी क्लब: सतीश चौधरी

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से रादौर के राजकीय आदर्श मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व सरकारी स्कूल छोटाबांस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी युवा सभा के प्रधान रोटेरियन सतीश चौधरी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। क्लब के सचिव भारत माटिया ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब की ओर से सरकारी स्कूल छोटाबांस में 50 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। वहीं सरकारी स्कूल रादौर में 30 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। दोनो स्कूलों में 80 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। मुख्यातिथि एवं रोटेरियन सतीश चौधरी ने कहा कि रोटरी क्लब मानवता की भलाई के लिए दुनिया के 200 से अधिक देशों में कार्य कर रही है। रादौर में 1984 से रोटरी क्लब अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। क्लब की ओर से जल्द सरकारी स्कूलों में 100 टयूबलाइटस वितरित की जायेगी। मौक पर क्लब के संस्थापक पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, इनरव्हील क्लब की प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा, परमजीत कौर, रानी सैनी, साक्षी पुरूथी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, ब्रह्मप्रकाश टंडन आदि रहे।

---

# सामाजिक बुराइयां मिटाने के लिए इनके खिलाफ लड़ने को हमेशा रहें तैयार: कादियान

- राजकीय विद्यालय जठलाना में हुआ विशेष जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



रादौर। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना में शुक्रवार को लीगल लिटरेसी सेल के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता अरोड़ा ने की। मौके पर सीजेएम सुमित्रा कादियान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की छात्राओं ने सामाजिक समस्याएं जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह आदि विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों से भी अवगत कराया। लीगल लिटरेसी सेल की जिला विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ की सचिव सुमित्रा कादियान ने कहा कि हमें सामाजिक बुराइयों का विरोध ही नहीं करना बल्कि समाज के बीच जाकर जागरूकता भी पैदा करनी है। बुराइयों के विरुद्ध लड़ने के लिए भी तैयार रहना है, तभी समाज से बुराइयां समाप्त होंगी। उन्होंने पोक्सो एक्ट पर बात करते हुए लड़कों एवं लड़कियों दोनों को सचेत रहने को जागरूक किया ।

---

आरक्षित वन क्षेत्र में गांवों का विकास करना प्रशासन का उद्देश्य

# कलेसर पार्क व वाइल्ड लाइफ सेंचुरी प्राकृतिक धरोहर: डीसी

कलेसर वन्यजीव अभयारण्य की क्षेत्रीय मास्टर प्लान पर हुई अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ युमनानगर



यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति।

कलेसर वन्यजीव अभयारण्य की क्षेत्रीय मास्टर प्लान को लेकर लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने कलेसर नेशनल पार्क एवं वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के विकास हेतु तैयार किए जा रहे मास्टर प्लान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि कलेसर नेशनल पार्क एवं वाइल्ड लाइफ सेंचुरी प्रदेश की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। जिसे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मास्टर प्लान में जंगल और वन्य जीवों के प्राकृतिक वातावरण को किसी प्रकार की हानि न पहुंचे। इउन्होंने कहा कि कलेसर आरक्षित वन क्षेत्र में लगभग 31 गांव शामिल है और इन सभी गांवों का संतुलित विकास करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आरक्षित वन क्षेत्र में प्राकृतिक फार्मिंग की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। सोलर रूफ टॉप के माध्यम से कार्बन फुटप्रिंट कम होगा।

### पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण आज की आवश्यकता

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि विकास के साथ साथ पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण आज की आवश्यकता है। नोटिफिकेशन की हिदायतों के अनुसार आरक्षित जोन का विकास किया जाए। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल से हम सभी को संबंधित कार्यों की जानकारी मिलती है और सेनसेटिव क्षेत्र को चिन्हित कर संबंधित विभाग क्षेत्र में विकास कार्यों को बढ़ावा दें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मास्टर प्लान को निर्धारित समय सीमा में तैयार कर सरकार को भेजा जाए। ताकि आगामी कार्रवाई शीघ्र शुरू की जा सके।इस अवसर पर जिला वन अधिकारी संदीप सैनी, डीटीपी राजेश कुमार, पूर्व जिला वन अधिकारी राजेश गुलिया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### रोटरी क्लब ने विद्यार्थियों को वितरित की नोटबुक

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा समाज सेवा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी निरंतर परंपरा को आगे बढ़ाते हुए खानेवाल खालसा सीनियर स्कैंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नोटबुक वितरित की गईं। इस अवसर पर क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब सदैव जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. घुम्मन ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग देना चाहिए ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे सेवा कार्य करता रहता है और आगे भी करता रहेगा।



### सीएम विंडो के पोर्टल पर एटीआर अपलोड करें

**थानेसर।** थानेसर के एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों का समाधान अधिकारी गंभीरता से और तय समय सीमा में करें, समस्या का समाधान करने उपरांत सीएम विंडो के पोर्टल पर संबंधित एटीआर को अपलोड करें और उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भी भेजें। इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। थानेसर के एसडीएम अमन कुमार शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी, सीपीजीआरएएमएस और जनसंवाद की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव राजा शेखर वंदरु ने अधिकारियों को कहा कि सीएम विंडो और समाधान शिविर से संबंधित शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार से देरी नहीं होनी चाहिए, जो समस्या का समाधान मुख्यालय से संबंधित है।

### युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना लाडवा की टीम ने युवती से दुष्कर्म करने तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी के आरोपी अजैब सिंह उर्फ जैब जिला कुरुक्षेत्र को चंद घंटो में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 मई को थाना लाडवा वासी युवती ने इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी।

## गेहूं स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने के मामले ने पकड़ा तूल

# प्रशासन ने गठित की कमेटी, तीन दिन में देनी होगी रिपोर्ट: उपयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गेहूं स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने का मामला प्रशासन के संज्ञान में आया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की तरफ से एक जांच समिति का गठन किया गया है। यह जांच समिति मामले की तीन दिन के भीतर गहनता से जांच करके अपनी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करेगी। उपायुक्त ने जारी आदेशों में कहा है कि प्रशासन द्वारा गठित की गई जांच कमेटी में उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहाबाद को जांच समिति का अध्यक्ष और हैफेड जिला प्रबंधक कुरुक्षेत्र को सदस्य नियुक्त किया गया है। जांच समिति को जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुरुक्षेत्र सभी प्रकार का रिकॉर्ड उपलब्ध करवाएंगे। इसमें मामले से संबंधित सभी अभिलेख, स्टॉक विवरण, खरीद एवं भंडारण रिकॉर्ड, निरीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जोरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत कार्य किया जा रहा है। इस जिले में जो भी अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**एसडीएम शाहबाद को बनाए कमेटी का अध्यक्ष**




कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी से बातचीत करते शहीद भगत सिंह यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### शहीद भगत सिंह यूनियन ने सीएम आवास के सामने किया प्रदर्शन

सरकारी गेहूं के स्टैग पर पानी का छिड़काव करने का मामला तूल पकड़ गया है। शहीद भगत सिंह यूनियन ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इसे लेकर शुक्रवार को यूनियन से जुड़े किसान मुख्यमंत्री आवास पर पहुंच गए। यहां उनको पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक लिया, जिसके बाद उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। बाद में उन्होंने सीएम आवास कार्यालय इंचार्ज कैलाश चंद को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्होंने पुलिस से मामले की जांच करवाने की मांग रखी। जांच निष्पक्ष नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। यूनियन के प्रधान संजू नंबरदार ने बताया कि गुरुवार को आलमपुर की जैन राइस मिल में रखे सरकारी गेहूं के चट्टे पर कर्मी के पानी डालने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो आने के बाद यूनियन मौके पर पहुंची थी। हंगामे के बाद विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और गेहूं को बारिश से गीला होना बताने लगे। संजू ने बताया कि कल तो क्या पूरे सप्ताह में बारिश नहीं हुई, फिर बारिश का पानी कहां से आ गया। आरोप लगाया कि गेहूं का वजन बढ़ाने के लिए उसमें पानी मिलाया जा रहा था। उन्होंने मौके पर ही गेहूं की बोरियों का वजन कराया। पांच बोरियों का वजन कराया तो 50 किलो की बोरी में 52 से 53 किलो तक वजन निकला। आरोप लगाया कि, पानी से भीगा हुआ यह गेहूं आगे सरकारी डिपो में भेजा जाएगा और फिर बीपीएल परिवारों में बांटा जाएगा। जिस हालत में गेहूं मिला, वह खाने लायक नहीं था। सरकार गेहूं खरीदते समय नमी के नाम पर कटौती करती है। ज्यादा नमी होने पर खरीद तक रोक दी जाती है, लेकिन यहां सरकारी गेहूं में पानी मिलाकर वजन बढ़ाया जा रहा है।

**पांच बोरियों का वजन कराया तो 50 किलो की बोरी में 52 से 53 किलो तक वजन निकला**




शाहबाद। एनएबीएल लैब की शुरूआत करते डा.एच.एस. गिल व डा. गुणतास सिंह गिल। *फोटो: हरिभूमि*

## आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में शुरू हुई एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब

- आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में आदेश अस्पताल का एक और बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में अब एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब की शुरूआत हो गई है। लैब का शुभारंभ आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल और अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रिंसीपल, वरिष्ठ चिकित्सक, विभागाध्यक्ष और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक विभाग की पूरी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर आदेश ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एच.एस. गिल ने कहा आदेश ग्रुप हमेशा से स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और आधुनिक तकनीकों को प्राथमिकता देता आया है। एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब की शुरूआत आदेश के लिए गर्व का विषय है। इससे क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तरीय जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी और मरीजों का विश्वास और मजबूत होगा।

**बेहतरीन लैब**

अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा आदेश अस्पताल पहले से ही बेहतरीन लैब सुविधाएं प्रदान कर रहा था लेकिन अब एनएबीएल एक्रीडिटेशन मिलने के बाद हमारी यहां की सेवाएं और अधिक प्रमाणिक एवं उन्नत हो गई हैं। हमारा लक्ष्य मरीजों को बेहतर, तेज और सटीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान लैब सेवाओं की प्रभारी डा. प्रियंका टांगरी ने एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब की सुविधाओं, गुणवत्ता मानकों और मरीजों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएबीएल मान्यता मिलने से जांच रिपोर्टों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ ने पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक विभाग की पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि अस्पताल की गुणवत्ता आधारित चिकित्सा सेवाओं के प्रति मजबूत कदम है।

## बच्चों को याददाश्त बढ़ाने के टिप्स दिए

- जयराम सैनिक स्कूल में विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम सैनिक स्कूल में एमआईएमई एनएम कॉग्निफाई प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में डा. सूरज मेहता एवं उनकी टीम द्वारा विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा. सूरज मेहता ने विद्यार्थियों को आज की पीढ़ी के लिए स्मृति विज्ञान विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को याददाश्त बढ़ाने, पढ़ाई को आसान बनाने तथा अपने शब्द कैसे स्थापित करें जैसी तकनीकों के बारे में समझाया। सेशन के दौरान उनकी टीम के दो बच्चों पूरब और आरुषि ने अपनी अद्भुत मेमोरी स्किल्स का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने कहा ऐसे सेशन बच्चों को नई सीख देने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करते हैं। प्रशासनिक अधिकारी सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर सुरेश कुमार ने टीम का आभार व्यक्त किया।



कुरुक्षेत्र। विशेष शैक्षणिक सत्र के अवसर पर जयराम सैनिक स्कूल के कैडेट्स एवं टीम सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

## कुलदीप सिंह बने ई-रिक्शा वेलफेयर एसो. के प्रधान

- प्रधान पद के लिए कुलदीप सिंह, सुरेंद्र कुमार और रमेश चंद्र ने दाखिल किया था नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ थानेसर

ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गए। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुलदीप सिंह को एसोसिएशन का नया प्रधान घोषित किया गया। प्रधान बनने के बाद ई-रिक्शा चालकों और सदस्यों ने कुलदीप सिंह का फूलमालाओं पहनाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत किया। चुनाव अधिकारी जितेंद्र यादव और दीपांशु गुप्ता ने बताया कि प्रधान पद के लिए कुलदीप सिंह, सुरेंद्र कुमार और रमेश चंद्र ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 20 मई तय की गई थी। इसके बाद सुरेंद्र कुमार और रमेश चंद्र ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके चलते कुलदीप सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि एसो. में कुल 158 वोट हैं। चुनावी प्रक्रिया सेक्टर-17 में एडवोकेट पृथ्वी नाथ के कार्यालय की प्रथम मंजिल पर पूरी करवाई गई।



थानेसर। नवनिर्वाचित प्रधान कुलदीप सिंह का स्वागत करते ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

**स्टैंड बनवाएंगे**

नवनिर्वाचित प्रधान कुलदीप सिंह ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता ई-रिक्शा चालकों के लिए स्थायी स्टैंड बनवाना रहेगा। इसके लिए प्रशासन और संबंधित विभागों से बातचीत की जाएगी। ई-रिक्शा चालकों को रोजाना कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिनके समाधान के लिए यूनियन मजबूती से काम करेंगे।

## गीता कन्या स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह

- यशवी अध्यक्षा, प्रिया उपाध्यक्षा व प्रज्ञा मंत्री के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। कन्या भारती की संयोजिका सुनैना ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि कन्या भारती के समस्त सदस्य एक संगठन के रूप में विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों की प्रगति को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। सभी चयनित पदाधिकारियों को तिलक लगाकर पट्टिका पहनाई गई तथा अपने दायित्व को निष्ठा पूर्वक निभाने के लिए शपथ दिलाई। सभी चयनित सदस्यों को प्रेरित किया गया कि उन्हें सकारात्मक विचारों के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है। उन्हें केवल अपनी जिम्मेदारी पर ध्यान रखना है तथा अपना लक्ष्य सदैव ऊंचा रखना है, सभी के प्रति समभाव रखते हुए पहले विद्यालय स्तर पर, फिर महाविद्यालय स्तर पर तथा इसी प्रकार आगे बढ़ते हुए राष्ट्र स्तर पर देश का नेतृत्व करने के लिए अपने अंदर गुणों का विकास करना है।



**इन्हें मिली जिम्मेदारी**

कन्या भारती में यशवी अध्यक्षा, प्रिया उपाध्यक्षा, प्रज्ञा मंत्री, सरगम सह - मंत्री , वंशिका सेनापति , होमा वंदना सयोजिका, अर्शप्रीत अनुशासन, वंशिका कोषाध्यक्ष, रीतिका,पूजा खोया - पाया विभाग, पल्लवी,भावना, जसमीत जल विद्युत विभाग, खुशबू ,मन्नत संपादिका के लिए चयनित हुई। इसके पश्चात कक्षा -कक्ष परिषद, आहार परिषद,स्वास्थ्य परिषद, शिक्षा परिषद,अनुशासन परिषद, खेल परिषद ,बिजली एवं फर्नीचर परिषद बनाकर सभी चयनित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवम् शुभाशीष प्रेषित किया।

## अशोक गर्ग बने जिलाध्यक्ष

- अग्रवाल वैश्य समाज कुरुक्षेत्र की जिला इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानी वाला एवं प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के मार्गदर्शन एवं अनुशंसा पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की कुरुक्षेत्र जिला इकाई के गठन की प्रक्रिया को विधिवत पूर्ण किया गया। नवगठित जिला कार्यकारिणी में समाज के अनुभवी एवं सक्रिय सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। नवगठित जिला इकाई में अशोक गर्ग को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त सुमित गर्ग, बी. बी. जिंदल, राजीव गर्ग, एवं पवन जिंदल को उपाध्यक्ष, अजय गुप्ता को महासचिव, सज्जन मित्तल को सचिव, नवीन गोयल को कोषाध्यक्ष, विनोद गर्ग (पप्पू) को जनसंपर्क अधिकारी तथा विपिन गर्ग ,भूपेश गुप्ता एवं मुकेश गुप्ता को संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद सदस्यगण। *फोटो: हरिभूमि*

**पदाधिकारियों को दी बधाई**

प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानी वाला ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने में जिला इकाइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि नई टीम समाज सेवा, शिक्षा, सामाजिक एकता एवं संगठन विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ेगी। प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने अपने संदेश में कहा कि संगठन में जिम्मेदार एवं सक्रिय व्यक्तियों को दायित्व सौंपना संगठन की निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिला इकाई संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाजहित के कार्यों को नई गति प्रदान करेगी।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुनाईं

- कथाव्यास पंडित विकास कौशिक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं उनके जन्म से लेकर जीवन के हर चरण में व्याप्त हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जय मां दुर्गा - जयश्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा वार्ड नम्बर 20 के गुरुदेव नगर,7-बी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर कथाव्यास पंडित विकास कौशिक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का वर्णन भजनों सहित विस्तार से सुनाया। इस दौरान सिद्धपीठ कामाख्या देवी (आसाम) के उपासक महामंडलेश्वर कालिदास महाराज और काशी से सनातन शास्त्र मर्मज्ञ संत गुरुचरण दास महाराज ने यजमानों के साथ विधि विधान से गोवर्धन पूजा करके पुरुषोत्तम मास महिमा बताई। कथा से पूर्व मुख्य यजमान एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मोदगिल और अंकुश गुप्ता ने भागवत पूजन करके मंच पर विराजमान सभी संतों का सत्कार किया। भागवत प्रवचनों में कथाव्यास पंडित विकास कौशिक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं उनके जन्म से लेकर जीवन के हर चरण में व्याप्त हैं, जो हमें प्रेम, धर्म, और कर्म का मार्ग सिखाती हैं। भागवत जी की आरती में रमेश कौशिक,अटल शर्मा,ललित अत्री,गोपाल शर्मा,चंद्रभान कौशिक,मनोज गुप्ता,अशोक गर्ग, गोपाल मित्तल, विनीत गर्ग, राहुल तंवर, नरेश सैनी बिशनगढ़, सदानंद शर्मा, श्याम जुनेजा आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। पूजा में शाामिल यजमान। *फोटो: हरिभूमि*

### बांसुरी वादन कार्यशाला के 12वें दिन मुख्यातिथि के रूप में प्रो. डॉ आर के देसवाल पहुंचे

# एकाग्रता, अभ्यास एवं गुरु के मार्गदर्शन के बिना बांसुरी वादन में निपुणता संभव नहीं : डॉ देसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से तथा हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से बांसुरी वादन कार्यशाला के 12वें दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी प्रो डॉ आर के देसवाल, चेयरमैन श्रीमद भगवद्गीता अध्ययन केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उपस्थित रहे । भगवद्गीता के स्वरूप के समक्ष दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गय। प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि के समक्ष बांसुरी पर कुछ विशिष्ट अभ्यास एवं राष्ट्र गान प्रस्तुति कर के अब तक की हुई कार्यशाला की प्रगति से अवगत कराया।



कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में मौजूद छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

**आज आएंगे उस्ताद डॉ. मुजतबा हुसैन**

गीता ज्ञान संस्थानम के शिक्षा प्रमुख डॉ वीके कोहली तथा डॉ तरुण शास्त्री द्वारा मुख्य अतिथि का विस्तृत परिचय दिया गया तथा कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि सहित सभी का आभार ज्ञापित किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि डॉ देसवाल ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी एवं उनके भविष्य में सफलता की कामना करते हुए प्रतिभागियों को बांसुरी में निपुणता प्राप्त करने की युक्तियां बताते हुए आवाहन किया कि एकाग्रता, सतत अभ्यास व गुरु का मार्गदर्शन ही उन्हें अभीष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक हो सकते हैं। कार्यशाला के संचालक एवं प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा, कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष वेद मिश्रा, सहप्रशिक्षक पवन गुंबर व सहयोगी प्रशिक्षक देवेंद्र, ने मुख्य अतिथि जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गीता ज्ञान संस्थान के पवित्र वातावरण में उन्हें भगवान कृष्ण की अराधना बांसुरी के माध्यम से करने की दिव्य अनुभूति हो रही है तथा आग्रह किया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन प्रत्येक विद्यालय में किया जाना चाहिए। डॉ कुकरेजा ने बताया कि शनिवार 23 मई 2026 को उनके बांसुरी के गुरु एवं प्रेरणा स्त्रोत उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन पटियाला से विशेष रूप से आएंगे।

## खबर संक्षेप

### चिराग स्कूल में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**नरवाना।** स्थानीय पटेल नगर स्थित चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना के प्रांगण में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय हर साल इसी तरह अपनी अनमोल प्रतिभाओं को सम्मानित करता आया है। जिन्होंने अपनी पढ़ाई में जहां भी रहे, सफलता अर्जित की। इसी परंपरा को निभाते हुए इस विशेष अवसर पर विद्यालय के उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

### एडीआर सेंटर में पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए वर्कशॉप

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला, सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर के सभागार में पैनल अधिवक्ताओं तथा पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने की। प्राधिकरण सचिव अमित सिहाग ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स को संबोधित करते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026 नामक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

### बुक डिपो संचालक बेच रहा था नकली पुस्तकें

**कैथल।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता एवं थाना शहर कैथल पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पिहोवा चौक कैथल स्थित नवीन बुक डिपो पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली एनसीईआरटी पुस्तकें बरामद की हैं। मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई मुकेश द्वारा करते हुए आरोपी दुकान संचालक हुड्डा सेक्टर 19 निवासी नवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया की मुख्यमंत्री उड़नदस्ता कुरुक्षेत्र/कैथल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पिहोवा चौक स्थित नवीन बुक डिपो में एनसीईआरटी की नकली पुस्तकों का अवैध रूप से भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसआई राजबीर सिंह इंचार्ज मुख्यमंत्री उड़नदस्ता कुरुक्षेत्र/कैथल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## अभिभावकों के साथ बच्चों के गीष्मावकाश गृहकार्य की चर्चा करेंगे टीचर

# सरकारी स्कूलों में होगी मेगा पीटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 25 से 30 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। विद्यालय अब 1 जुलाई 2026 को पुनः खुलेंगे। अवकाश शुरू होने से पहले 23 मई को राज्यभर के सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में मेगा पीटीएम आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी एक साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मेगा पीटीएम सुबह 8.30 बजे शुरू होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना, ग्रीष्मकालीन गृहकार्य की जानकारी देना तथा विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है।




### प्रदर्शनी से होगा अभिभावकों का स्वागत

मेगा पीटीएम के कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8. 30 बजे अभिभावकों के स्वागत के साथ होगी। इस दौरान विद्यालयों में सीआरपी मेला लगाया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अपने द्वारा बनाए गए पोस्टर, मदर्स डे कार्ड तथा कक्षा तत्परता कार्यक्रम के दौरान तैयार की गई रचनात्मक सामग्री का प्रदर्शन करेंगे। अभिभावकों को बच्चों की प्रतिभा और सीखने की प्रक्रिया को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। इस दौरान सुबह 8:45 से 9:00 बजे तक अभिभावकों के लिए विशेष खेल गतिविधि आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों की पसंद-नापसंद से जुड़े सवालों के जवाब अभिभावकों से पूछे जाएंगे और उनका मिलान बच्चों के उत्तरों से किया जाएगा। इस गतिविधि का उद्देश्य माता-पिता को अपने बच्चों को और बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्रदान करना है।

### बच्चों की संयुक्त गतिविधियां

सुबह 9 से 9:20 बजे तक निपुण हरियाणा के अधिगम लक्ष्यों (एसएलओ) पर आधारित गतिविधियां करवाई जाएंगी। इन गतिविधियों में बच्चों और उनके अभिभावकों की सहभागिता अनिवार्य होगी। इससे अभिभावकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को समझने और घर पर सहयोग करने की जानकारी मिलेगी। इसके बाद शिक्षक अभिभावकों के साथ उनके बच्चों के कक्षा प्रदर्शन और सीखने की प्रगति को साझा करेंगे। इस अवसर पर स्किल पासबुक में दर्ज दक्षता आधारित उपलब्धियों की जानकारी अभिभावकों को दी जाएगी, ताकि वे अपने बच्चों की प्रगति को बेहतर ढंग से समझ सकें। इसी दौरान शिक्षकों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान दिए जाने वाले गतिविधि आधारित गृहकार्य की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। अभिभावकों को बताया जाएगा कि वे घर पर बच्चों की सहायता किस प्रकार कर सकते हैं। इस दौरान अभिभावकों को राज्य स्तरीय पेरेंट्स व्हाट्सऐप चैनल और कक्षा के व्हाट्सऐप समूह से भी जोड़ा जाएगा।

### बच्चे को मिलेंगी कहानियों की किताबें

इस अवकाश के दिनों में घर पर पढ़ने के लिए तीन कहानी की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा कि वे समय-समय पर बच्चों से कहानी सुनें, प्रश्न पूछें और पढ़ने की आदत विकसित करने में सहयोग करें। पीटीएम कार्यक्रम के अंतिम चरण में समुदाय की सहभागिता पर चर्चा की जाएगी। विद्यार्थियों को टीएलएम, सॉस किट और कहानी की पुस्तकों के माध्यम से अवकाश के दौरान सीखने की प्रक्रिया से जोड़े रखने में समुदाय की भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा। शिक्षा विभाग हरियाणा ने जिला एवं खंड स्तर के अधिकारियों, बीआरपी, एबीआरसी तथा क्लस्टर मुखियाओं को विद्यालयों का दौरा कर मेगा पीटीएम की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### मेगा पीटीएम से होगी मजबूत साझेदारी

इस बारे में विभाग का पत्र प्राप्त हो चुका है। सभी स्कूल हैड को पीटीएम में अधिक से अधिक अभिभावकों तथा स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। यह मेगा पीटीएम केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि विद्यालय, परिवार और समुदाय के बीच साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।
**-जगदीश मेहरा,** बीईओ, बराड़ा

# अब 40% से 99% दिव्यांगता वाले भी कर सकेंगे मुफ्त सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

प्रदेश सरकार ने प्रदेश के दिव्यांगों को सफर में एक बड़ी राहत दी है। अब राज्य के 40% से लेकर 99% तक की दिव्यांगता वाले व्यक्ति भी हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से इस संबंध में राज्य परिवहन के महानिदेशक को लिखित आदेश जारी कर दिए गए है।

यह फैसला सरकार के पुराने आदेशों के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए लिया गया है। इससे पहले 100 फीसदी दिव्यांगों और उनके साथ आने वाले एक सहायक को ही मुफ्त यात्रा का लाभ मिलता था लेकिन अब इस दायरे को बढ़ा दिया गया है।

### सफर के लिए माननी होंगी ये पांच जरूरी शर्तें

- ▶▶ सरकार द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार इस मुफ्त बस सफर की सुविधा के लिए कुछ कड़े नियम और शर्तें भी तय की गई है
- ▶▶ केवल हरियाणा के निवासियों को लाभ
- ▶▶ मूल निवासियों को ही मिलेगी सुविधा
- ▶▶ यह सुविधा हरियाणा की सीमा के भीतर और हरियाणा से लेकर चंडीगढ़ व दिल्ली तक के सफर के लिए ही मान्य होगी।
- ▶▶ मुफ्त सफर का लाभ उठाने के लिए दिव्यांग व्यक्ति के पास यूडीआईडी कार्ड होना जरूरी है। चेकिंग टीम या बस कंडक्टर द्वारा मांगे जाने पर यह कार्ड दिखाना होगा।
- ▶▶ 100% दिव्यांग व्यक्ति के साथ चलने वाले एक सहायक या हेल्पर को मिलने वाली मुफ्त यात्रा की सुविधा पहले की तरह ही जारी रहेगी। बशर्ते सहायक दिव्यांग व्यक्ति के साथ ही सफर कर रहा हो।
- ▶▶ इस पूरे फैसले को प्रदेश के वित्त विभाग की सहमति के बाद लागू किया गया है।
- ▶▶ परिवहन विभाग के सुपरिटेंडेंट ट्रांसपोर्ट-II राज कपूर द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र की कॉपियां प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल और वित्त विभाग को आगामी कार्रवाई के लिए भेज दी गई है ताकि इसे तुरंत प्रभाव से अमलीजामा पहनाया जा सके।

## कैफे से एलईडी टीवी, इन्वर्टर बैटरी सहित नकदी ले उड़े चोर

**बराड़ा।** क्षेत्र के अधोया-बराड़ा रोड स्थित एक कैफे में चोरों ने शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अधोया के पंकज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका फ्राइड स्लाइस्ड नामक कैफे लॉर्ड कृष्णा कॉलेज के निकट अधोया-बराड़ा रोड पर स्थित है। बीती 19 मई की रात से 20 मई की सुबह के बीच किसी समय अज्ञात चोरों ने कैफे का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जब कर्मचारी सुबह कैफे पर पहुंचे तो शटर टूटा हुआ मिला तथा ताला गायब था। शिकायतकर्ता के अनुसार चोर कैफे से 43 इंच की एलईडी टीवी, एक इन्वर्टर, बैटरी, पोर्टेबल स्पीकर व उसका चार्जर, कुछ नकदी तथा सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग रखने वाला डीवीआर चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 45 हजार रुपये बताई गई है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में सीखने और संस्कारों पर जोर, छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने के लिए विशेष प्रेरणात्मक गतिविधि आयोजित की गई। विद्यालय की अध्यापिका सुमन कौर ने बच्चों को छुट्टियों के दौरान नियमित रूप से गृह कार्य करने, प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्नों का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि गर्मी की छुट्टियों का सही उपयोग करने से ज्ञान में वृद्धि होती है और पढ़ाई के प्रति रुचि बनी रहती है। इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपने घरों में लगे पेड़-पौधों को समय पर पानी देने और उनकी देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया गया।


**अंबाला।** मॉर्निंग असेंबली में न्यूजपेपर और सुविचार पढ़ता बच्चा।

### गर्मी और लू के बचाव के लिए रहें घर

सुमन कौर ने बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से बचाव के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक सावधानियां अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चे अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और सुरक्षित रूप से घर पर रहकर अपनी पढ़ाई एवं रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान दें। इस अवसर पर स्कूल मुखिया जसविंद्र सिंह, शशिभूषण, संदीप कौर, रणदीप सिंह, शिवानी तथा प्रवीण कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वस्थ और ज्ञानवर्धक ग्रीष्मकालीन अवकाश बिताने का संदेश दिया।

## मजदूरी के लिए ले जा रहे थे बच्चे, संयुक्त जांच दल ने 11 का रेसक्यू किया

- अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन पर कर्मभूमि एक्सप्रेस में काफी देर तक चला तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

रेलवे सुरक्षा बल, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और सामाजिक संस्था की संयुक्त टीम ने अंबाला कैंट स्टेशन पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। टीम ने सूचना के आधार पर ट्रेन नंबर 12407 कर्मभूमि एक्सप्रेस में दबिश देकर बाल तस्करी का भंडाफोड़ किया।

टीम ने 11 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। यह पूरी कार्रवाई रेलवे के ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत की गई। सुरक्षा एजेंसियों को कर्मभूमि एक्सप्रेस में बच्चों को तस्करी कर ले जाए जाने की सूचना मिली थी, जैसे ही दिन के 1 बजकर 37 मिनट पर ट्रेन अंबाला छावनी के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर आकर रुकी तो पहले से तैयार आरपीएफ प्रभारी रविंदर सिंह, एएसआई राजेश कुमार और एएचटीयू के उप-निरीक्षक नरेंद्र कुमार की टीमों ने जिला युवा विकास संगठन के समन्वयक अजय तिवारी व उनकी टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से ट्रेन के अलग-अलग कोचों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। पूछताछ के बाद बच्चों को प्लेटफार्म पर उतारा गया।

### बिहार के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं बच्चे

सघन चेकिंग के दौरान टीम ने संदिग्ध अवस्था में यात्रा कर रहे 11 बच्चों को अपने संरक्षण में लिया, इसमें पहली बार एक लड़की भी शामिल थी। रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 13 से 17 वर्ष के बीच है और ये सभी बिहार के मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, बेगूसराय, सुपौल और समस्तीपुर जिलों के रहने वाले हैं। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सायं 3:05 बजे के करीब सभी बच्चों को आगामी काउंसलिंग और पूछताछ के लिए एनजीओ जिला युवा विकास संगठन के सुपुर्द कर दिया गया इसके साथ ही नियमानुसार नागरिक अस्पताल में सभी बच्चों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात की जांच कर रही हैं कि इन बच्चों को बिहार से कहां और किस मकसद से ले जाया जा रहा था और इस रैकेट के पीछे कौन लोग शामिल हैं। पूछताछ के दौरान यह पता चला है कि बच्चे पंजाब में लुधियाना की एक ब्रेड कंपनी में काम करने जा रहे थे, वहीं कुछ बच्चों को अंबाला में खेतों में काम करने के लिए लाया गया था। वर्तमान में बच्चों से बातचीत कर उनके घरवालों का पता लगाया जा रहा है। डीडीआर और मेडिकल प्रक्रिया के बाद सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति अंबाला की चेयरपर्सन रंजीता सचदेवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## वार्ड नंबर 10 में गली निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

नगर पालिका के अध्यक्ष रजत मलिक ने वार्ड नंबर-10 में बराड़ा गांव को हनुमान कॉलोनी से जोड़ने वाली मुख्य गली के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद दिग्विजय सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। यह गली लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय निवासियों ने खुशी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण की मांग काफी समय से की जा रही थी, जो अब पूरी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि गली निर्माण के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सीवरेज तथा पेयजल की नई लाइन भी डलवाई जा रही है। इससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने कहा कि शहर का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। नगर पालिका के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और क्षेत्र के विकास के लिए भविष्य में भी इसी तरह के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।


**बराड़ा।** गली के निर्माण कार्य के शुभारंभ पर उपस्थित गणमान्य।



## एआई से शिक्षण को आधुनिक बनाने पर जोर

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय में शुक्रवार को अध्यापकों के लिए कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक विशेष ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण पद्धतियों से जोड़ते हुए शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी, रचनात्मक और रोचक बनाना रहा। कार्यशाला में विद्यालय के सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अंकिता कपूर, गगनदीप सिंह एवं कृष्ण कुमार दुआ ने अध्यापकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न उपयोगों और शिक्षा क्षेत्र में इसके बढ़ते महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों की सहायता से पाठ योजनाएं तैयार करने, प्रश्न-पत्र निर्माण को सरल बनाने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का बेहतर विश्लेषण करने में काफी सहायता मिल रही है। प्रशिक्षकों ने डिजिटल सामग्री निर्माण, स्मार्ट कक्षाओं, संवादात्मक शिक्षण और तकनीकी नवाचारों से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

## योग प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर 18 मई से 20 मई 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक के शारीरिक शिक्षा अध्यापकों, डीपीई, पीटीआई, पीईए तथा अन्य शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का आयोजन हरियाणा सरकार के आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के मार्गदर्शन तथा आयुष विभाग मुख्यालय के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजपाल एवं आयुष विभाग के निर्देशन में संपन्न हुआ। विद्यालय की प्राचार्या मंजू बाला ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने उपस्थित शिक्षकों को नियमित योग अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और इसके माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित योग प्रोटोकॉल से अवगत कराना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रशिक्षण के दौरान योग प्रशिक्षक धर्मबीर आर्य, योग इंस्ट्रक्टर इक़बाल सिंह तथा विक्रांत राणा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। प्रतिदिन कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, मंडूकासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।



**बराड़ा।** योग शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

## एबीवीपी ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को गंभीरता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। एबीवीपी ने स्पष्ट कहा कि यदि विद्यार्थियों की मूलभूत समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो परिषद व्यापक छात्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। परिसर में विद्यार्थियों को आ रही दैनिक समस्याओं, शैक्षणिक आवश्यकताओं तथा परिवहन एवं सुविधाओं से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने टीम के साथ चंदपुरा पुल से टांगरी नदी क्षेत्र का किया निरीक्षण

# टांगरी बांध अधूरा, सफाई लंबित, मानसून से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

हरियाणा की युवा नेत्री एवं टीम चित्रा की संस्थापक चित्रा सरवारा ने गुरुवार को अपनी टीम के साथ चंदपुरा पुल से शुरू होकर जगाधरी रोड टाँगरी पुल, सरसेहड़ी,रामपुर एवं आसपास के जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर वहां के हालात का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर-11 की पार्षद नीलम कश्यप,क्षेत्र के पूर्व सरपंचों,स्थानीय प्रतिनिधियों तथा नागरिकों के साथ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जमीनी हालात को समझने और मुमकिन निवारण पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि चाँदपुरा पुल से शुरू होकर जगाधरी रोड की तरफ टांगरी के मुख्य बांध के कुछ हिस्सों पर सीमित स्तर पर पैचिंग का कार्य अवश्य किया गया है, लेकिन नदी के किनारों पर कई ऐसे संवेदनशील स्थान हैं जहां अभी भी व्यापक स्तर पर सुरक्षा कार्य की आवश्यकता है। चित्रा ने कहा कि यहां के क्षेत्र में कई जगहों पर बांध कच्चा है या नाम मात्र है। रामपुर,सरसेहडी सड़क को एक खास मोड़ है जहां हर साल,सड़क तोड़ कर पानी आगे के रिहायशी और इंडस्ट्रील एरिया की तरफ बढ़ता है।



### बाढ़ सुरक्षा और टांगरी की सफाई को लेकर चित्रा ने उठाई मांग

चित्रा ने सुझाव देते हुए कहा कि 2 से 3 साल पहले इर्रिगेशन विभाग द्वारा चंदपुरा बृज से सरसेहडी मोड़ तक जो टेंपरेरी बांध विभाग द्वारा लगाया था, जो 2025 की बाढ़ में बह गया था, अगर उसी टेंपरेरी बंधे को मिट्टी डालकर या मिट्टी से भरे कट्टे लगाकर बन्द कर दिया जाए तो लोगों को बाढ़ से बचाया जा सकता है। हमारा सरकार से निवेदन है कि समय और विवादों को देखते हुए यहां मौजूद इस सरकारी गोहर को ही अगर ऊंचा कर दिया जाए तो उससे भी हजारों लोगों को बाढ़ से बहुत बड़ी राहत मिल सकती है। इस गोहर की जानकारी और लोकेशन प्रशासन से एक ज्ञापन के माध्यम से भी साँझा किया जायेगा। टांगरी की सफाई पर उन्होंने कहा कि पुल के आसपास व टाँगरी के बीचों बीच अनेकों स्थानों पर अत्याधिक झाड़ियां, सरकंडे, अवरोध और संकरी जल निकासी की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण बरसाती पानी की निकासी बाधित हो जाती है। परिणामस्वरूप पीछे से आने वाला पानी पूरे क्षेत्र में फैलकर भारी तबाही का कारण बनता है। इसके स्थायी समाधान के लिए अभी तक कोई गंभीर और ठोस पहल नही दिखाई दे रही। प्रशासन टाँगरी के बीचोबीच समतल और स्टीक सफाई सुनिश्चित कर ठेकेदारों को तुरंत आदेश दे । चित्रा सरवारा ने कहा कि चंदपुरा से लेकर सरसेहड़ी तक बसे रिहायशी इलाकों, कॉलोनियों और इंडस्ट्रियल एरिया को सुरक्षित करने के लिए यही सबसे उपयुक्त समय है। शासन, प्रशासन और सरकार को तुरंत प्रभाव से ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि मानसून के दौरान लोगों को किसी बड़े संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वे इस पूरे मुद्दे को लेकर सरकार एवं प्रशासन से लगातार संवाद करेंगी,पत्र लिखेंगी और क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती के साथ उठाती रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका यह दौरा किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए किया गया है।